This question paper contains **8+2** printed pages]

*Your Roll No.* ....................................

**7862**

**LL.B./III Term** **E**

Paper LB-3035—CARRIAGE BY LAND, SEA AND

AIR AND LAW RELATING TO MOTOR VEHICLES

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *Five* questions in all.

*All* questions carry equal marks.

कुल **पाँच** प्रश्न कीजिये ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

P.T.O.

1. Comment on the scope and extent of "Insurance of motor vehicles against third party risk" by citing the recent developments in the law with the help of judicial decisions. 20

न्यायिक विनिश्चयों की सहायता से विधि में हाल के घटनाक्रम का हवाला देते हुए तृतीय पक्षकार जोखिम के विरुद्ध मोटर वाहन के बीमा की व्याप्ति और विस्तार पर टिप्पणी लिखिए ।

2. M/s Royal Tea Company had delivered a consignment of Tea packets to M/s Max Navigation Co. which was operating an inland steamer through the river Ganges. However, the consignment got damaged in transit in a tributary river while it was being handled by a feeder service arranged by the Max Navigation Co. Give your decision in an action by the consignor, Royal Tea Co., against the carrier, Max Navigation Co. citing the relevant case law on the point. 20

मैसर्स रॉयल टी कम्पनी ने चाय के पैकेटों का एक परेषण मैसर्स मैक्स नेवीगेशन कम्पनी को परिदान किया जो गंगा नदी के जरिये इनलैंड स्टीमर चला रही थी । मगर उक्त परेषण मैक्स नेवीगेशन कम्पनी द्वारा जुटाई गई फीडर सेवा द्वारा संभाले जाने के समय एक सहायक नदी में अभिवहन में क्षतिग्रस्त हो गया । इस बिन्दु पर सुसंगत निर्णय विधि का हवाला देते हुए परेषक रॉयल टी कम्पनी द्वारा वाहक मैक्स नेवीगेशन कम्पनी के विरुद्ध चलाए गए अनुयोग में अपना विनिश्चय दीजिए ।

3. "In selecting the multiplier for calculating motor accident compensation, the age of the victim is not the only point considered but so many other factors including the number of dependents, the widow's possibility of re-marriage and the benefit occurring by the lumpsum payment ect. are also relevant." Substantiate the statement with supporting legal provisions and case law. 20

''मोटर दुर्घटना प्रतिकर की गणना करने हेतु गुणक का चयन करने में पीड़ित की आयु ही एकमात्र बिन्दु नहीं है जिस पर विचार किया जाता है बल्कि आश्रितों की संख्या विधवा की पुनः विवाह की संभाविता तथा एकमुश्त भुगतान द्वारा होने वाला फायदा आदि सहित कई अन्य कारक भी सुसंगत होते हैं ।'' पुष्टिकारी विधिक उपबन्धों तथा निर्णयविधि से उक्त कथन की पुष्टि कीजिए ।

4. Answer any *two* : 20

(*a*) Explain 'untoward incident' under the Railway's Act, 1989.

(*b*) What is the significance of 'Warsaw Convention, 1929', and Hague Protocol, 1955 in relation to the Air Carriage laws in India ?

(*c*) What is the meaning and purpose of 'Solatium Fund Scheme' constituted under the Motor Vehicles Act, 1988 ?

किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए :

(क) रेलवे अधिनियम, 1989 के तहत 'अप्रिय घटना' की व्याख्या कीजिए ।

(ख) भारत में विमान वहन विधि के संबंध में 'वारसा कन्वेंशन 1929' और 'हेग प्रोटोकोल, 1955' की क्या सार्थकता है ?

(ग) मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अधीन गठित 'तोषण निधि योजना' का क्या अभिप्राय तथा प्रयोजन है ?

5. A blue line bus had hit a motor cyclist who succumbed to the injuries later in the hospital. On a claim for compensation under the principle of no fault liability filed by the widow of the victim, the isurance co. argued that at the relevant time of accident the bus was being driven not by the licensed driver but by the conductor of the bus who did not hold a valid driving license. Advise the widow with supporting legal provisions and case law on the point. 20

एक ब्लू लाइन बस ने मोटर साइकिल सवार को टक्कर मार दी जिसकी बाद में अस्पताल में चोट के कारण मृत्यु हो गई । पीड़ित की विधवा द्वारा अदोष दायित्व के सिद्धांत के अधीन प्रतिकर हेतु फाइल किए गए दावे पर बीमा कम्पनी ने तर्क दिया कि दुर्घटना के सुसंगत समय पर बस को लाइसेंसशुदा चालक द्वारा नहीं बल्कि कण्डक्टर द्वारा चलाया जा

रहा था जिसके पास वैध चालक लाइसेंस नहीं था । इस बिन्दु पर पुष्टिकारी विधिक उपबंधों तथा निर्णय विधि के साथ विधवा को सलाह दीजिए ।

6. "Any clause in the Bill of lading or legal provisions limiting or taking away the liability of a Sea Carrier, will not come to his rescue, if the damage to the property is caused by his negligent conduct." Critically analyse the statement with the help of law and judicial decisions on the point. 20

"समुद्री वाहक के दायित्व को सीमित करने वाला या छीनने वाला लदान-पत्र का कोई खंड या विधिक उपबंध तब उसका बचाव नहीं कर पाएगा यदि सम्पत्ति को क्षति उसके उपेक्षापूर्ण आचरणवश हुई है ।" इस बिन्दु पर विधि और न्यायिक विनिश्चयों की सहायता से उक्त कथन का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए ।

Ms. Daisy, a 23 year old Engineering graduate was travelling by an express train from Mumbai to Delhi. While she was having a face wash, she fell down from the moving train due to a sudden jerk of the train. She was severely injured by the running over by the same train and another train also while she was lying unconscious on the track. Advise her in an action against the railway authorities for compensation under the relevant provisions of the Railways Act, 1989. Also specify the change brought about in the Act by the Railways (Amendment) Act, of 1995 with the help of decided cases. 20

एक 23 वर्षीय इंजीनियरी ग्रेजुएट सुश्री डेज़ी मुम्बई से दिल्ली तक एक्सप्रेस ट्रेन से यात्रा कर रही थी । जब वह अपना मुंह धो रही थी तभी ट्रेन के अचानक झटके के कारण वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गई । उस ट्रेन के ऊपर से निकल

जाने से और ट्रैक पर अचेत पड़े रहने से अन्य ट्रेन के ऊपर से निकल जाने से वह गंभीर रूप से क्षत हो गई । रेलवे अधिनियम, 1989 के सुसंगत उपबंधों के अधीन प्रतिकर हेतु रेलवे प्राधिकारियों के विरुद्ध अनुयोग चलाने में उसको सलाह दीजिए । विनिश्चित केसों की सहायता से रेलवे (संशोधन) अधिनियम, 1995 द्वारा अधिनियम में किए गए परिवर्तन को भी विनिर्दिष्ट कीजिए ।

8. Answer any *two* : 20

(*a*) Write a note on the 'Air Consignment Note'.

(*b*) Comment on the "Owner's Risk Rate and Railway's Risk Rate" in rail carrier contracts.

(*c*) Explain the implied conditions of a 'Contract of Affreightment' in sea carrier contracts.

किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए :

(क) 'एअर कॉनसाइनमेंट नोट' पर टिप्पणी लिखिए ।

(ख) रेलवाहक संविदाओं में 'स्वामी जोखिम दर' और 'रेलवे जोखिम दर' पर टिप्पणी लिखिए ।

(ग) समुद्री वाहक संविदाओं में माल वहन के लिए पोत तय करने की संविदा की विवक्षित शर्तों को स्पष्ट कीजिए ।